Ghar Mein Padharo

Gajanan ji

घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो।
रिद्धि सिद्धि लेके आओ गणराजा, मेरे घर में पधारो॥
घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो

राम जी आना, लक्ष्मण जी आना।
संग में लाना सीता मैया॥ मेरे घर में पधारो
घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो।

ब्रम्हा जी आना, विष्णु जी आना।
भोले शंकर जी को ले आना॥ मेरे घर में पधारो
घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो।

लक्ष्मी जी आना, गौरी जी आना।
सरस्वती मैया को ले आना॥ मेरे घर में पधारो
घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो।

विघ्न को हरना, मंगल करना।
कारज शुभ कर जाना॥ मेरे घर में पधारो
घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो।
